विभागीय जांच के बाद निष्कर्ष की प्रति आरोपित कर्मचारी को दी जानी चाहिए

प्रिंसिपल की वेतन वृद्धि रोकने की सजा को निरस्त किया गया

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की एकल पीठ न्यायामूर्ति आनंद सिंह बहरावत ने श्रीमती करुणा वाजपेई बनाम स्टेट ऑफ मध्य प्रदेश की याचिका में एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया है, जिसमें सरकारी कॉलेज की इंचार्ज प्रिंसिपल की 2 वेतन वृद्धि रोकने की सजा को निरस्त कर दिया है।

न्यायामूर्ति आनंद सिंह बहरावत की बेंच ने कहा कि डिसिप्लिनरी अथॉरिटी ने विभागीय जांच के उपरांत कर्मचारी को जांच रिपोर्ट नहीं दी, जिससे उन्हें अपने बचाव का सम्पूर्ण अवसर नहीं मिला।

क्या था मामला? याचिकाकर्ता को 6 नवंबर, 1984 को तदर्थ लेक्चरर नियुक्त किया गया था। 2012 में जब वह इंचार्ज प्रिंसिपल के तौर पर काम कर रही थीं, तो उन्हें अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो

जी. के. छिब्बर

चार्जशीट जारी की गईं, जिसमें आरोप लगाया गया कि वह कॉलेज से अनुपस्थित थीं। जांच के बाद याचिकाकर्ता की 2 वेतनवृद्धि रोकने का दंड दिया गया था, जिसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी।

याचिकाकर्ता का कहना था कि उनकी जांच विधिवत नहीं हुई। जांच में उन्हें बचाव का अवसर नहीं दिया गया, साक्ष्यों के कुटपरीक्षण का अवसर नहीं दिया गया।

कौन से महत्वपूर्ण बिंदु हैं?

- डिसिप्लिनरी अथॉरिटी को जांच रिपोर्ट कर्मचारी को देनी चाहिए।
- कर्मचारी को अपने बचाव का मौका देना चाहिए।
- सजा का आदेश स्पष्ट और स्पीकिंग ऑर्डर होना चाहिए।

जांच अधिकारी ने मनमाने ढंग से जांच निष्कर्ष दिए, जो तथ्यहीन हैं। उनके आरोप जांच में प्रमाणित नहीं हुए, फिर भी उन्हें दंडित किया गया, जो निरस्त होने योग्य है।

क्या हुआ उच्च न्यायालय का निर्णय?

उच्च न्यायालय ने कहा कि डिसिप्लिनरी अथॉरिटी ने याचिकाकर्ता को जांच रिपोर्ट नहीं दी, जिससे उन्हें अपने बचाव का मौका नहीं मिला। जांच निष्कर्ष की रिपोर्ट दी जाती तो याचिकाकर्ता अपना विधिवत सम्पूर्ण बचाव कर अपनी स्थिति प्रस्तुत कर सकती थीं।

माननीय उच्च न्यायालय ने 2 वेतनवृद्धि रोकने की सजा का आदेश रद्द कर दिया और विभाग को साल 2013 और 2014 की वेतन वृद्धि देने तथा उससे होने वाले एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया।

कौन से थे आरोप याचिकाकर्ता

- कॉलेज से अनुपस्थित थीं।
- अटेंडेंस रजिस्टर के मुताबिक, वह 1 अगस्त, 2012 से अनुपस्थित थीं।

जयपुर मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य से कई ट्रेनें प्रभावित

भोपाल। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा रेलवे स्टेशन के यार्ड में मई माह में होने वाले नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण भोपाल मंडल से तथा भोपाल होकर गुजरने वाली कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार इस कार्य के चलते कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है, जबकि कुछ रेल सेवाएं आंशिक रूप से संचालित होंगी। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 3, 4, 5, 8, 12, 13 और 14 मई को कुल सात ट्रिप निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 2, 3, 4, 7, 11, 12 और 13 मई को सात ट्रिप रद्द रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 3 से 5 मई, 8 मई तथा 11 से 14 मई तक जबलपुर से चलकर केवल जयपुर तक ही जाएगी, जिससे जयपुर-अजमेर खंड में सेवा आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

मिलेनियम कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : मिलेनियम कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड साइंस, भोपाल में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत की प्रेरक शक्ति' रही।

कार्यक्रम के प्रथम दिन विद्यार्थियों के लिए पोस्टर एंड मॉडल प्रदर्शन, रंगोली एंड क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे दिन विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता डॉ. राजकुमार गर्ग, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बायोसाइंस विभाग, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की वैज्ञानिक सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

दूसरे वक्ता डॉ. दीपक कुमार, सहायक अध्यापक, मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, भोपाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विज्ञान और तकनीक में बढ़ते उपयोग तथा भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सर डॉ. सी.वी. रमन पर आधारित विशेष डॉक्युमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर इंजी. अपूर्व यादव ने की। कार्यक्रम में प्राचार्यगण, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संयोजक डॉ. नितेन्द्र साहू और सहसंयोजक राहुल मालवीय ने आभार व्यक्त किया।

इंद्राणी समारोह का शुभारंभ, कला और संस्कृति की सजी रंगारंग शाम

जनजातीय संग्रहालय में तीन दिवसीय आयोजन, देशभर की कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में महिलाओं की सृजनात्मकता को समर्पित तीन दिवसीय 'इंद्राणी समारोह' का मंगलवार शाम भव्य शुभारंभ हुआ।

10 से 12 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आई कलाकार अपनी कला और संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रही हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री से सम्मानित कलाकार दुर्गा बाई व्याम की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

समारोह के पहले दिन कर्नाटक की कलाकार रंजनी वेंकटेश और उनके साथियों ने 'नादलय रंजनी पंच वाद्य' की मनमोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने राग गंभीरनाट पर आधारित 'अम्मा आनंददायिनी' की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। सधी हुई लय, ताल और वाद्य संयोजन की जुगलबंदी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जावान बना दिया। इसके बाद सागर की कलाकार सौम्या बुधोलिया और उनके साथियों ने बुंदेली जस गायन की प्रस्तुति दी। उन्होंने 'मोरी मैया विराजो', 'अंगना पधारो महारानी' और 'मोपे रंग ने डारो सांवरिया' जैसे पारंपरिक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में हरदा की जमुनाबाई और साथियों ने कोरकू जनजातीय चिल्लौरी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें फसल और खुशियों के अवसर पर किए जाने वाले पारंपरिक नृत्य की झलक दिखाई दी। इसके अलावा ओडिशा की कलाकार अभिप्सा दास ने महारी नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जो भगवान जगन्नाथ को समर्पित प्राचीन नृत्य शैली है।

एम्स में थायराइड रोगों के लिए आधुनिक न्यूक्लियर मेडिसिन सुविधा

नप्र, भोपालः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल (एम्स) में थायराइड से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे हाइपरथायरॉइडिज्म और डिफरेंशिएटेड थायराइड कैंसर के मरीजों को प्रभावी उपचार मिल रहा है और उन्हें इलाज के लिए प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार हाइपरथायरॉइडिज्म ऐसी स्थिति है, जिसमें थायराइड ग्रंथि सामान्य से अधिक सक्रिय हो जाती है। इस बीमारी में मरीजों को लंबे समय तक एंटी-थायराइड दवाएं लेनी पड़ती हैं, जिससे कई बार शारीरिक और मानसिक परेशानी होती है। ऐसे मामलों में रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट एक प्रभावी और सुरक्षित उपचार विकल्प माना जाता है। यह उपचार थायराइड की अतिरिक्त सक्रियता को नियंत्रित करने में मदद करता है।

जाहिर सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने, प्रबोध वर्मा पिता स्वर्गीय श्री एस.एन. वर्मा निवासी 132, करमवीर नगर, जे.के. रोड, बीएचईएल, भोपाल म.प्र., का फ्लेट नं. एमआईजी-2 (भूतल), कुल क्षेत्रफल 465 वर्गफिट अर्थात 43.21 वर्गमीटर है जो कि प्लाट नं. 31-सी, गोयल विहार, जोन-2, एम.पी. नगर, मुख्य मार्ग से अंदर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में भोपाल नगर निगम सीमाओं में वार्ड नं. 46 में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाये निम्न हैः दिशा पूरब में-रोड, दिशा पश्चिम में-कॉमन पैसेज एवं ऊपर जाने का रास्ता, दिशा उत्तर में प्लाट नं. 31-बी, दिशा दक्षिण में-ओपन पार्किंग, जो इन्द्राज उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में विधिवत रूप से दिनांक 29.12.2001 को पुस्तक क्र. ए-1, ग्रंथ क्र. 17703 में 07 पृष्ठ क्र. 89 से 117 तक दस्तावेज क्र. 3715 से पंजीयत है जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध किया हैं और बयाना राशि अदा कर दी है एवं उक्त फ्लेट के सम्बंध में किसी व्यक्ति एवं परिवार के अन्य सदस्यो एवं अन्य हितबद्ध व्यक्तियो को संस्था/बैंक हाऊसिंग फायनेन्स संस्था/शासकीय गैर शासकीय कार्यालय/हाऊसिंग बोर्ड को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित फ्लेट कही विकय अनुबंध, दान, गिरवी, वसीयत, हिबा, मैहर, हस्तांतरण इत्यादि हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि निकल जाने के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त वर्णित फ्लेट का विक्रय प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय पत्र पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, और समयावधि निकल जाने के पश्चात् कोई भी आपत्ति एवं दावा मान्य नही होगा।

सतीश अहेलिया, एडवोकेट/नोटरी
कार्यालय -123, नांरग टाईपिंग सेन्टर एण्ड सर्विस प्रोवाईडर, अप्सरा टॉकीज के पास, रायसेन रोड, भोपाल
मो. 9826162974, 9826472014

3904

-: जाहिर-सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमति रामकली बाई पत्नि श्री राजाराम जाति धोबी निवासी एवं भूमि स्वामी ग्राम चमरिया खमरिया तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. भूमि स्वामी ग्राम चमरिया खमरिया पटवारी हल्का नं. 43 राजस्व निरीक्षक मण्डल चिकलोदकंला विकास खण्ड औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है। उक्त भूमि विक्रेता के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि है जिसका खसरा नं. 30/4 में से रकबा 1.003 हेक्टेयर में से 0.809 हेक्टेयर अर्थात 2.00 एकड़ भूमि जिसको कय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तय कर लिया है एवं बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है उक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, बैंक, सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालय न्यायालय को कोई आपत्ति, ऋणभार हक व अन्य कोई हित हो या उक्त भूमि कहीं दान, बंधक,गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, विक्रय अनुबधं आदि हो तो, वह व्यक्ति, फर्म, बैंक अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस तक मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर लिखित मे मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।

नीतेश नागर अधिवक्ता
स्वास्तिक लॉ चेम्बर
औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन
मो.9691819010,8085413743

3903

।। सार्वजनिक सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती प्रीति सोनी, आयु वयस्क, पत्नी श्री सुशील कुमार सोनी, निवासी-बी-47,न्यू मिनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड भोपाल (म.प्र.), राष्ट्रीयता-भारतीय द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके स्वामित्व की निम्नांकित संपत्ति से संबंधित मूल विक्रय पत्र (Registry) **कहीं गुम हो** गया है, जिसकी शिकायत पुलिस थाना अयोध्या नगर, जिला भोपाल में कर दी गई है, जिसकी पावती उपलब्ध है। यह कि मेरी पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति M/s Shri Om Builder, जिसके पार्टनर श्री उमेश तिवारी, पुत्र स्व. श्री गणेश तिवारी, निवासी-8, इंडस उमंग, डी-सेक्टर, अयोध्या नगर, भोपाल से पुस्तक क्रं.-2085, दस्तावेज क्रं.-3/3731, दिनांक 09.03.2015 के पंजीबद्ध विक्रय पत्र द्वारा क्रय की गई थी। उक्त संपत्ति का विवरण इस प्रकार है-एक आवासीय फ्लेट/प्रकोष्ठ क्रं.-101, जो कि भूमि खसरा क्रं.-205/2/2/2/2/2/2/2/2/1/1/2/1 (कंप्यूटरीकृत खसरे अनुसार खसरा क्रं.-205/ड), कुल रकबा 0.69 एकड़ पर निर्मित बहुमंजिला भवन "शुभ ऐलाइट" के प्रथम तल (First Floor) पर स्थित है। उक्त फ्लेट का कुल क्षेत्रफल 875 वर्गफुट (लगभग 81.31 वर्गमीटर) है। यह संपत्ति ग्राम-खजूरीकलां (विकसित भूखंड सीरियल क्रं.-406), पटवारी हल्का क्रं.-19, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है तथा भोपाल नगर निगम सीमा, वार्ड क्रं.-68 के अंतर्गत आती है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय अथवा किसी भी व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त गुम मूल विक्रय पत्र अथवा उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का हित, अधिकार, दावा अथवा आपत्ति हो तो वे इस सूचना के प्रकाशन से **07 दिवस** के भीतर मेरे कार्यालय अथवा मेरी पक्षकार को प्रमाण सहित लिखित रूप में सूचित करें। अन्यथा उक्त समयावधि के पश्चात यह मान लिया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति नहीं है तथा मेरी पक्षकार उक्त संपत्ति को विक्रय/हस्तांतरण करने अथवा अन्य वैधानिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होंगी और बाद में प्राप्त कोई भी दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मनोज नरसिंघानी भवदीय-अधिवक्ता
नरसिंघानी लॉ चेम्बर
कार्यालय-1560 टैगोर वार्ड,गांधी नगर,भोपाल
8109945038, 9755055312

3902

आम सूचना

मैं अपनी पक्षकार श्री भोजराज मारन आत्मज श्री गुलाब सिंह मारन की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उनके द्वारा उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय भूखंड क्रमांक-22, खसरा क्रमांक-709/2/1 रकबा 0.720 हेक्टेयर में से 1200 वर्गफीट अर्थात 111.52 वर्गमीटर, ग्राम-सिकंद्राबाद, पटवारी हल्का क्रमांक-नया-69, पुराना-41, तहसील हुजूर भोपाल, को जो कि प्लाट का कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट है जो कि उक्त सम्पति विक्रेता श्रीमती ज्योति रघुवंशी पुत्री श्री जे. पी. रघुवंशी की भूमि से, निवासी भोपाल से क्रय कर रहे है उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार श्री भोजराज मारन आत्मज श्री गुलाब सिंह मारन के पक्ष मे विक्रय किया जा रहा है उक्त प्रस्वावित बंधककर्ता ने मेरी पक्षकार को बताया है कि उनके पास उक्त सम्पत्ति के मूल प्रीवियस रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांकित 15.04.2015, को पुस्तक क्रमांक-अ-1, ग्रंथ क्रमांक-769, पृष्ठ क्रमांक-08 52-59, एवं दस्तावेज क्रमांक-111/5, है जो कि श्रीमति शफी उल्ला पुत्री स्व. श्री नसरूल्ला, निवासी भोपाल द्वारा क्रेता श्रीमती ज्योति रघुवंशी पुत्री श्री जे. पी. रघुवंशी निवासी भोपाल के पक्ष में निष्पादित किया गया था वो दस्तावेज कही खो गया है और उपरोक्त मूल विक्रय पत्र उपलब्ध नही है यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति मे किसी आधिपत्य हित, ऋण भी व्यक्ति संस्था, बैंक, शासकिय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का स्वत्व, बंधक सम्यक भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित मे मय दस्तावेजो के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के **07 दिवस** की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय मे अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय मे प्रस्तुत करे। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और मेरी पक्षकार बैक उपरोक्त सम्पत्ति पर उपरोक्त प्रस्तावित बंधककर्ता को ऋण प्रदान कर सकेगी।

भवदीय-संध्या बनखेड़े एडवोकेट
आफिस पता प्लाट न.-161 एफ-2/बी सेकेण्ड फ्लोर गोपाल भवन आईसीआई बैंक के सामने जोन-1,एम.पी.नगर भोपाल
मो. न.-7471125917

3901

सूडोकु नवताल- 7715

★★★★☆ मध्यम

		9		5		2		4
4	5				9	7	1	8
				7			5	3
	8	2	7		5			6
1	3			4			7	2
5			1		2	8	3	
8	4			9				
3	6	1	2				9	5
2		5		1		6		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7714 का हल

7	8	6	4	1	3	5	9	2
5	9	4	7	8	2	1	6	3
1	2	3	6	9	5	7	4	8
9	3	8	2	6	1	4	7	5
2	7	5	8	4	9	6	3	1
6	4	1	5	3	7	2	8	9
3	5	9	1	7	4	8	2	6
8	1	7	9	2	6	3	5	4
4	6	2	3	5	8	9	1	7

काकुरो पहेली - 7388



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7387 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8785



बाएँ से दाएँ

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

ऊपर से नीचे

1. मदिरा, मद्य-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

शब्द पहेली -8784 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7212



बायें से दायें:-

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 7211

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7321

5		7			3	4
	27	1	29	6	38	
	2		4	5		7
4	30		27	1	31	6
7		5	4		2	
6	42		39		23	3
	5	4		7	1	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7320 का हल

5	1	3	4	2	6	7
6	31	2	28	3	30	1
1	6	7	3	4	2	5
4	33	4	29	1	31	6
3	7	1	4	5	6	2
7	34	6	35	7	40	3
2	3	5	1	6	7	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8321

गं	रा	ब	द्री	ना	थ	य	ऋ	ज	पे	यी
द	गा	ल	प्रे	व	जी	म	षि	ह	कां	गं
वि	स	की	वै	को	ह	रा	के	ल	ख	गो
के	स	स	क	ष्णो	वा	ज	ष	ह	श	त्री
दा	आ	र	ग	स	दे	ना	तू	रि	झ	प
र	ल	ला	र	दि	म	वी	ती	द्वा	घ	रिं
ना	व	का	शी	प	बा	ज	र	र	ना	थ
थ	वा	ई	द	ब	र्ड	डू	ए	श	सि	मी
ड	ल	अ	म	र	ना	थ	ग	शी	क	र
गॉ	ल	प	लि	जी	शी	ला	कौ	ल	द	वि
वा	रा	ण	सी	क्षी	डि	त	ब	प	म	र

शब्दजाल में दस धार्मिक स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

हरिद्वार,गंगोत्री,वैष्णोदेवी,बद्रीनाथ,नासिक, केदारनाथ,अमरनाथ,ऋषिकेष,काशी, वाराणसी

शब्दजाल - 8320 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore